## संक्षिप्त

### विद्यारंभ संस्कार का शुभारंभ

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । बालिका आदर्श विद्या मंदिर में सरस्वती पूजन व विद्यारंभ संस्कार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष प्रांत सचिव लक्ष्मण सिंह, डॉक्टर प्रकाश मूंदड़ा, समिति के उपाध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी व सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यारंभ संस्कार यज्ञ से किया गया तथा नवीन प्रवेश करने वाले विधार्थियों को बस्ता स्लेट देकर व मिठाई खिलाकर विद्यारंभ संस्कार किया गया। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य विद्याधर शर्मा द्वारा करवाया गया तथा यज्ञ अनिल त्रिवेदी द्वारा संपन्न करवाया गया। विद्यालय में 36 विधार्थियों का विद्यारंभ संस्कार किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधुबाला शर्मा व वंदना जोशी ने किया।

### जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**पिपराली** । सीकर स्थित प्रिंस स्कूल एवं प्रिंस लोटस वैली में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर व इसके उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के एचसीजी कैंसर सेंटर, जयपुर के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. कपिल देव, एसके हॉस्पिटल, सीकर के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. महेंद्र खीचड़ एवं वेटरनरी सर्जन डॉ. राहुल बदसरा बतौर अतिथि शरीक हुए। इन्होंने सेमिनार में कैंसर के लक्षण, कारण व उपचार के बारे में सरल भाषा में समझाते हुए कैंसर की रोकथाम हेतु जागरूक किया। सभी वक्ताओं ने कैंसर से बचाव हेतु स्वस्थ जीवन शैली, उचित आहार-विहार, शारीरिक व्यायाम व प्राणायाम अपनाने एवं नशे से दूर रहने को अति आवश्यक बताया। कार्यक्रम में प्रिंस स्कूल प्रबंध निदेशक मनोज ढाका व पीसीपी पिपराली सर्किल प्रबंध निदेशक ओंकार मूंड ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान किया।

### देवनारायण का जन्मोत्सव मनाया

**चिड़ावा**। भगवान देवनारायण के 1113 वे जन्मोत्सव श्री धर यूनिवर्सिटी के पीछे वार्ड नंबर 32 स्थित प्राचीन मन्दिर प्रांगण में बड़ी धूम धाम से मनाया गया। मंदिर परिसर को फूलों और रोशनी से सजाया गया। राजेंद्र कुमार धाभाई ने बताया कि भगवान देव नारायण महाराज का आशिर्वाद जो भी लेता है वो निहाल हो जाता है। उसके सब कष्ट कट जाते हैं। इनका जन्मोत्सव हर वर्ष( माई साते )माघ महीने की सप्तमी को मनाया जाता है । जन्मोत्सव पर थानाधिकारी आशाराम गुर्जर सहित समाज के सैकड़ो देव भक्त उपस्थित रहे।

### अन्नपूर्णा रसोई में 50 थाली भोजन डोनेट

**चिड़ावा**। समाजसेवी स्व. रामसिंह चारावास की चतुर्थ पुण्य तिथि पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आज किया जा रहा है जिसमे इसी कड़ी में अन्नपूर्णा रसोई संचालक सुश्री निशा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुनील कुमार गाड़ा ने समाजसेवी स्वर्गीय रामसिंह चारावास की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अन्नपूर्णा रसोई कबूतरखाना पर 50 थाली डोनेट की है। इस रसोई में प्रतिदिन काफ़ी संख्या में ज़रूरतमंद व्यक्ति भोजन करते हैं।

### अरूणा को पीएचडी के उपाधि मिली

**सीकर** । राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर ने योजना नगर निवासी श्रीमती अरूणा शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि 'राजस्थान

अरूणा शर्मा

राज्य मानव अधिकार आयोग एवं मानवाधिकार : एक अनुभवमूलक अध्ययन' विषय पर शोध करने के लिए दी गई है। शर्मा ने अपना शोध कार्य डॉ. विकास यादव, सहायक आचार्य एलबीएस राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय कोटपूतली के निर्देशन में पूर्ण किया है। अरूणा वर्तमान में शहीद एसआर कुमावत एवं केएल ताम्बी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलसाना में प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) पद पर सेवारत है।

## जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया

**मुकुंदगढ़**, कस्बे के वार्ड नंबर 25 में स्थित देवनारायण मंदिर में 1113वां दे०ानारायण महाराज का श्रद्धापूर्वक जन्मोत्सव मनाया। मंदिर पुजारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि इस अवसर पर सोमवार रात्रि को साधु संतों व स्थानीय भजन कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। मंगलवार सुबह सैंकड़ों महिलाओं द्वारा डीजे के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए कलश यात्रा निकाली। इसके बाद दोपहर दो बजे से पंडित नितिन शर्मा के आचार्यत्व में विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ में पार्षद प्रेम गुर्जर, राकेश गुर्जर, सीताराम, मनोहर, केसरदेव, रामावतार, अशोक, परमेश्वर, गुमान गुर्जर, कुलदीप, विक्रम, संतोष, विकास सहित सैंकड़ों भक्तों ने हवन में आहुति दी। शाम को देवनारायण महाराज के भोग लगाकर व महाआरती कर भंडारा शुरू हुआ। इस मौके पर मंदिर परिसर को सतरंगी रोशनी से सजाया गया। मंदिर में सैंकड़ों भक्तों ने महाराज के धोक लगाकर मनौतियां मांगी।

# गौशाला में 35 लाख के कार्यों का लोकार्पण

**झुंझुनूं**, । देश के प्रसिद्ध गौसेवक भागवताचार्य बाल व्यास श्रीकांत शर्मा ने गौ सेवा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि देश में राजस्थान और गुजरात में गौरक्षा का सर्वाधिक कार्य हुआ है।

वहीं मारवाड़ियों ने जितना गौ सेवा को लेकर कार्य किया है। दूसरा कोई ऐसा वर्ग नहीं है। जो इतना काम कर पाया है। लेकिन दूसरे वर्गों को भी मारवाड़ियों से प्रेरणा लेकर गौ सेवा करनी चाहिए। दरअसल बाल व्यास श्रीकांत शर्मा इनदिनों झुंझुनूं में एक धार्मिक आयोजन के सिलसिले में आए हुए है। झुंझुनूं दौरे के दौरान मंगलवार को उन्होंने श्री गोपाल गौशाला में करीब 15 लाख रूपए के तीन शैड नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण तथा करीब 20 लाख रूपए से स्थापित होने वाले बायो गैस प्लांट के भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत

बाल व्यास श्रीकांत शर्मा ( बीच में ) का झुंझुनूं में एक धार्मिक आयोजन हुआ।

करते हुए श्रीकांत व्यास ने बताया कि वे खुद एक लाख बिना दूध वाली गायों की सेवा कर रहे है। जिसमें मारवाड़ियों का बड़ा सहयोग मिलता है। उन्होंने गौ रक्षा दलों को लेकर कहा कि गौ रक्षा दल नहीं होते तो गायों की सेवा का काम होता ही नहीं। लेकिन दल के नाम पर दलदल जैसी स्थिति ना हो। उन्होंने बताया कि उन्हें खुशी है कि झुंझुनूं जिले में छोटी और बड़ी मिलाकर कुल 144 गौशाला है। जो गायों की सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पहले अपनी मां के प्रति श्रद्धाभाव पैदा करना होगा। जो लोग मां को वृद्धाश्रम भेजते है। उनसे गौ माता की

- **गौसेवा में मारवाड़ी सबसे आगे और भी लें प्रेरणा : श्रीकांत शर्मा**

सेवा करने की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमें संस्कारों में बदलाव लाना जरूरी है। दादूद्वारा बगड़ के महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के पावन सानिध्य में हुए कार्यक्रम में सबसे पहले प्रवासी गौभक्तों और अतिथियों ने गौशाला परिसर में बनाए गए राधेश्याम बिहारीलाल ढंढारिया परिवार जयपुर, मोहित इंद्र कुमार मोदी परिवार दिल्ली, डॉ. डीएन तुलस्यान केसरदेव तुलस्यान परिवार झुंझुनूं द्वारा नवनिर्मित तीन गौ आवास (शेड) का लोकार्पण किया। इसके बाद मंजू सुरेश कुमार खंडेलिया परिवार मुंबई द्वारा बनाए जाने वाले बायोगैस प्लांट का भूमि पूजन किया।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सुलताना** । समीपवर्ती सुलताना कस्बे में चिड़ावा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में घायल युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। दरअसल यूपी के मुरादाबाद क्षेत्र का रहने वाला 24 वर्षीय सलमान सुलताना में ही एक दुकान पर बाइक मिस्त्री का काम करता था। जो 31 जनवरी को दिन के समय ही चिड़ावा मार्ग पर बाइक से जा रहा था। अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई। जिससे वह सड़क पर जा गिरा। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक सलमान के उपर से निकल गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गया था। सुलताना में सलमान को प्राथमिक उपचार दिया गया। जिसके बाद सीकर रैफर किया गया। सीकर में सलमान का आपरेशन भी हो गया था। लेकिन बीती रात को ईलाज के दौरान सलमान की सीकर में मौत हो गई। मौत के बाद यूपी से आए परिजन शव को यूपी स्थित अपने गांव ले गए। जहां पर मंगलवार को सलमान को सुपुर्द ए खाक किया गया। आपको बता दें कि इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। जिसमें महज दो सैकंड में सारी घटना हो गई। तेज गति से ही सलमान बाइक से जा रहा था। जिसकी बाइक पहले अनियंत्रित हुई, फिर स्लिप और सलमान के सड़क पर गिरते ही उसके उपर से सामने से आ रही बाइक चढ गई। यही नहीं सलमान के उपर चढने के बाद सामने से आ रही बाइक भी असंतुलित होकर गिर गई।


**बेदखली आम सूचना**

यह कि मुमताज उम्र 40 साल मेरा पुत्र है जो कि आवारा व बदमाश पृवति का है, जो मेरे कहने में नहीं चलता है। जो मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन लड़ाई-झगड़ा करता रहता है व बदमाश पृवति के लोगों की संगत में रहता है। यह है कि आज के बाद मेरे पुत्र का मेरे व मेरे परिवार के साथ किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रहा है व आज दिनांक 04.02.2025 से मैं मेरे पुत्र मुमताज को मेरी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पती से बेदखल करता हूँ। मेरा उक्त पुत्र अगर भविष्य में मेरे व मेरे परिवार के नाम से किसी के साथ कोई लेन-देन करता है या अन्य किसी प्रकार का अनैतीक कार्य करता है, तो उसका जिम्मेवार लेन-देन करने वाला स्वयं होगा, मैं व मेरे परिवार के सदस्य जिम्मेवार नहीं होगें। सूचित रहे।

शपथग्रहिता-
इब्राहीम पुत्र बुद्धेखां उम्र 73 साल जाति सिक्का निवासी वार्ड न. 28 कुब्बा मस्जीद के पास राजगढ़ तह. राजगढ़ जिला चूरू


## पुस्तक का विमोचन

**झुंझुनूं**, । सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के सिविल लाइंस आवास पर समाज गौरव पुस्तक का विमोचन किया गया।

इस मौके पर सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी संस्था के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश धूपिया और ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी सहित संस्था की पूरी टीम और सदस्य उपस्थित थे। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज गौरव पुस्तक सैनी समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। यह पुस्तक समाज के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को उजागर करते हुए प्रकाशित की गई है। पुस्तक के संपादक वरिष्ठ अध्यापक संदीप सैनी जीवाराम की ढाणी द्वारा इसे उकेरा गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि पुस्तकें हमें आपस में जोड़ने का काम करती हैं। पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र होती हैं, जो उसके उज्जवल भविष्य की नींव रखती हैं। इस अवसर पुस्तक के संपादक वरिष्ठ अध्यापक संदीप सैनी, प्राचार्य रामावतार सैनी, बैंक मैनेजर नरेश सैनी, एसपी जीएसटी रमेश सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन सैनी डूंडलोद, मास्टर प्रदीप सैनी बगड़, व्याख्याता मुकेश सैनी, राकेश सैनी राजस्थान पुलिस, विजेंद्र सैनी अध्यापक, सत्यवीर सैनी पुलिस, पूरणमल सैनी पपुरना, व्याख्याता शम्भूदयाल सैनी, हरीश कमा पिलानी, सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी संस्था जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश धूपिया, प्रदेशाध्यक्ष सुरेश सैनी रेलवे, सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी संस्था झुंझुनूं के प्रभारी बहादुरमल सैनी बड़ागांव, मदनलाल सैनी, अजमेर विधुत वितरण निगम श्रमिक संघ डिस्कॉम महामंत्री एवं सहायक लेखाधिकारी देवकरण सैनी चिड़ावा, माया सैनी राजस्थान पुलिस, सुरेंद्र सैनी एवीवीएनएल बगड़, गोपीराम सैनी, मनीष सैनी यूडीसी, कमलेश सैनी एओ, संजय सैनी सीबीईओ नवलगढ़, सुरेंद्र सैनी चिड़ावा, रामस्वरूप सैनी और अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल थे।

## नौ को जयपुर कूच

**झुंझुनूं** । अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शराब ठेकेदार यूनियन के आ ान पर मंगलवार को सुबह दो घंटे तक शराब की दुकानें बंद रही। जिले में भी करीब 300 से अधिक दुकानें बंद रही। वहीं प्रदेश की बात करें तो 7600 दुकानों के ठेकेदारों ने दो घंटे दुकानें बंद कर अपनी मांग मनवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज धनखड़ तथा जिलाध्यक्ष रोहिताश फांडी ने बताया कि नई शराब नीति का पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है। क्लस्टर प्रणाली लागू करने, 10 कमरों में होटल बार खोलने की अनुमति, शराब दुकानों पर पुलिस के बढ़ते हस्तक्षेप, शराब गारंटी उठाओ को त्रैमासिक करने, पुरानी बकाया पेनेल्टियों को समाप्त करने सहित कई मांगों को लेकर मंगलवार को दो घंटे की शटर डाउन हड़ताल का असर रहा। वहीं अब नौ फरवरी को जयपुर में सीएम हाउस पर महारैली का ऐलान किया गया है। जिसमें प्रदेशभर के शराब ठेकेदार हिस्सा लेंगे। धनखड़ ने बताया कि इससे पहले जब आंदोलन हुआ।

# हनुमान जन्मोत्सव की कथा का वर्णन

**झुंझुनू** लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर के सामने चौथमल गोयनका नोहरा में किया जा रहा है।

शिव महापुराण कथा यज्ञ में पंचम दिवस महोत्सव को व्यासपीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बालव्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया। इससे पूर्व भागवत ठांथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया।

व्यासपीठ से बाल व्यास ने कथा के मध्य भगवान हनुमान जी की सजीव झांकी भी सजाई गई। जिसे देखकर श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी इंद्र कुमार मोदी दिल्ली, सुरेशचंद्र पंसारी, कृपाशंकर मोदी मुंबई, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अठावाल जयपुर, राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, अनिल टेकड़ीवाल एवं दिनेश गुप्ता दिल्ली, परमेश्वर हलवाई, रमाकांत एवं प्रदीप जालान सूरत, जयपुर से प्रमोद अठावाल, नरेश अठावाल, नवीन अठावाल, पूनम ढंढारिया, संजय अठावाल, शिखरचंद बैराठी, विनोद अठावाल, मुंबई से गोपीराम मोदी, संतकुमार मोदी, सूरत से विमल ढंढारिया, सुशील तुलस्यान हैदराबाद, चैन्नई से महावीरप्रसाद गुप्ता एवं गजेंद्र मोदी, अशोक अठावाल नीमकाथाना, रामकिशन लोहिया मुंबई, विशाल गोयल काठमांडू, मनीष गोयल अजमेर, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य बुद्धिप्रकाश अठावाल, श्रीकांत पंसारी, कैलाश अठावाल, कैलाशचंद्र सिंघानिया, अर्जुन वर्मा, शरद शर्मा, पवन केजड़ीवाल, नवलकिशोर खंडेलिया, विनोद सिंघानिया, एडवोकेट संजय शर्मा, उमाशंकर महमिया, पवन पुजारी, विनोद पुरोहित, डॉ. भावना शर्मा, महेश बसावतिया, रामगोपाल महमिया, राकेश तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रीगोपाल हलवाई, शिवचरण हलवाई, नितिन नारनौली, अनिल केजड़ीवाल, निर्मल मोदी, सुभाष जालान, विनोद सिंघानिया, संपत्त चुड़ैलेवला, पंडाल एवं स्टेज डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान, टेंट वाले रामावतार जांगिड़ सहित अन्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई- निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। **Tender Notice No.: 22-TRD-BKN-E Tender-2024-25. कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Through Weld Renewal (TWR)-100Km in Hanumangarh-Sadulpur section of Bikaner Division. **Approx Cost of the work : ₹ 27,12,641.50 EMD/SD (Rupees): ₹ 54,300/- सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 28.02.2025 को 15.00** बजे तक। **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 28.02.2025 को 15.00 बजे के बाद।**

148-AR/25

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें


# तिवाड़ी ने राज्यसभा में भांकरोटा सड़क दुर्घटना का मामला उठाया

**सीकर/जयपुर** । भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने मंगलवार को सदन में दिल्ली-अजमेर बायपास पर गैस से भरे ट्रक और बस की दुर्घटना के बाद हुए भीषण हादसे के मामले को उठाया। घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि जयपुर अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर के ब्लास्ट के कारण काफ़ी संख्या में जान माल की हानि हुई। इस घटना में कई निर्दोषों की जान गयी। इस हादसे में 4 लोग तो मौके पर ही जिंदा जल गए थे। 8 लोगों ने उसी दिन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसा इतना भीषण था कि 5 शवों की पहचान डीएनए सैंपल से की गई। घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि एलपीजी टैंकर के नोजल फटने से गैस करीब 500 मीटर एरिया तक फैल गई। गाड़ियों में स्पार्क और अलग-अलग कारणों से वहां मौजूद 40 से ज्यादा गाड़ियां उसकी चपेट में आ गई थी। टैंकर के ठीक पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई थी। गैस टैंकर के फटने से न केवल मानव जीवन पर संकट आया, बल्कि आसपास के इलाके में स्थित संपत्ति को भी भारी नुकसान हुआ। राज्यसभा सांसद तिवाडी ने पूरे सदन का ध्यान विषय पर दिलाते कहा कि इस प्रकार की घटना से ना केवल सामाजिक स्थिति पर अपितु सरकार की वित्तीय स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं का मुख्यत: कारण होता है ट्रैफ़िक को सुचारु रूप से क्रियान्वयन नहीं किया जाना। जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर दूसरी तरफ़ जाने के लिए यू टर्न था वहां गैस टैंकर के यू टर्न के दौरान दूसरे अनियंत्रित वाहन के कारण हादसा हुआ। तिवाड़ी ने समस्या का समाधान बताते हुए कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऐसे स्थानों का चयन करते हुए इन यू टर्न को बंद कराए तथा वैकल्पिक रास्तों का निर्माण हो ताकि ऐसी दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## प्रतियोगिता 9 व 16 फरवरी को

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 9 व 16 फरवरी को राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता व वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि 9 फरवरी को प्रात: 11बजे से दोपहर 2 बजे तक महाविद्यालय में श्रीमती कमला देवी भगवानदास तोदी स्मृति राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता 2024-25 आयोजित होगी। प्रतियोगिता का विषय चुनावों में राजनैतिक दलों द्वारा मुफ्त सुविधाओं का प्रलोभन लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। उन्होंने बताया कि विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए नकद, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 71सौ रुपए नकद व तृतीय पुरस्कार के रूप में 51सौ रूपए दिए जायेंगे। प्रतियोगिता के संयोजक महेश कुमार अठावाल व सह संयोजक मनीष देव मील को बनाया गया है। डॉ नाथावत ने बताया कि 16 फरवरी को प्रात: 10.30 बजे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोजगार परामर्श केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 24वीं राज्य स्तरीय अन्तर्महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी जिसका विषय एक देश एक चुनाव राष्ट्रिहत में है । प्रतियोगिता में पक्ष विपक्ष में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को क्रमश: 5500सौ रूपए,3550 रुपए व 2550 रूपए दिए जाएंगे।

## चोरों पर कार्रवाई करने की मांग

**खेतड़ी**, ( निसं ) खेतड़ी थाना क्षेत्र के बीलवा गांव में दो माह से लगातार हो रही चोरियों को लेकर ठाामीणों में आक्रोश पनप रहा है। मंगलवार को ठाामीणों ने थानाधिकारी से मिलकर चोरों पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। थाने में पंहुचे ठाामीणों ने बताया कि बीलवा गांव में अज्ञात बदमाशों द्वारा पिछले दो माह में एक के बाद एक चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। गांव में चोरी होने की थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई जाती है, लेकिन पुलिस की ओर से चोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से चोर वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे है। बीती रात को भी सवाई सिंह ने अपनी भैंस को बाड़े में बांध रखा था। सुबह जब बाड़े में जाकर देखा तो उसकी भैंस नहीं मिली। इस दौरान उसने आसपास में तलाश की, लेकिन उसकी भैंस का कोई सुराग नहीं लग पाया। इससे पहले 20 जनवरी को एक ही रात में पांच डीपी व दुकानों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस पर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने पर जल्द चोरों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन पुलिस की ओर से बदमाशों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने से चोरों ने दोबारा से बीती रात को पशु चोरी करने की वारदात को अंजाम दे दिया। ठाामीणों ने बताया कि यदि पुलिस ने जल्द मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो ठाामीणों की ओर से मजबूरन आंदोलन की राह अपनानी पड़ेगी। इस मौके पर जतन सिंह, राजेंद्र प्रसाद, रोशन लाल, सुनील शर्मा, शंभुदयाल, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार सहित अनेक ठाामीण मौजूद थे।


**बेदखली आम सूचना**

यह कि मेरे पुत्र सज्जन कुमार, रामावतार पुत्रगण बाबुलाल व मेरी पुत्र-वधू रेखा पत्नी सज्जन कुमार व प्रियंका पत्नी रामावतार जो कि आवारा पृवति के है। जो मेरे कहने में नहीं चलते हैं। जो मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन झगड़ा करते रहतें है, व मुझे आंखों से कम दिखाई देता हैं तथा मेरी पत्नी प्रवीणा विकलांग है।मैंने मेरे दोनों पुत्रों व मेरी पुत्र वधूओं का हक व हिस्सा वर्ष 2012 में ही दे दिया। आज के बाद मेरे पुत्र सज्जन कुमार, रामावतार पुत्रगण बाबुलाल व मेरी पुत्र-वधू रेखा पत्नी सज्जन कुमार व प्रियंका पत्नी रामावतार का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई किसी तरह का लेन-देन नहीं रहा है और ना ही कोई सम्बन्ध रहा है। मेरे उक्त दोनों पुत्रों व पुत्र वधूओं को मैं मेरी चल व अचल सम्पती से बेदखल करता हूँ। अगर भविष्य में मेरे परिवार के नाम से कोई किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करते हैं और अन्य किसी प्रकार का अनैतीक कार्य करतें हैं तो उसके जिम्मेवार वह स्वयं होगें, इसके लिए मैं व मेरे परिवार के सदस्य जिम्मेवार नहीं होंगे।मैं और मेरा परिवार मेरे पुत्रों व पुत्र वधूओं से आज दिनांक 03.02.2025 को सभी प्रकार के रिश्ते-नाते खत्म करते हैं व मैं मेरे उक्त पुत्रों व उक्त पुत्र वधूओं को बेदखल करता हूँ।

शपथग्रहिता
बाबुलाल पुत्र भंवरलाल उम्र 74 साल जाति सोनी निवासी वार्ड न. 03 राजगढ़ तह. राजगढ़ जिला चूरू


## भामाशाह ने गढ़ अस्पताल में फर्नीचर प्रदान कर दी आमजन को राहत

**चूरू** । गढ़ स्थित जिले का एकमात्र सैटेलाइट अस्पताल में चूरू के भामाशाह मुरारीलाल सरावगी ने समस्या समाधान केंद्र के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास की प्रेरणा से मंगलवार को फर्नीचर प्रदान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद राठी ने बताया कि गढ़ स्थित सैटेलाइट अस्पताल में फर्नीचर की मांग होने के कारण भामाशाह मुरारीलाल सरावगी ने 5 बड़ी मेज, एक दर्जन कुर्सी और मरीजों के बैठने के लिए अस्पताल को स्टूल प्रदान की।

गौरतलब है कि सैटेलाइट अस्पताल की घोषणा होने के काफी दिन बीत जाने के बाद भी अस्पताल में किसी प्रकार की सुविधा नहीं होने के कारण आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां केवल दंत चिकित्सक की नियुक्ति के आदेश हुए हैं, लेकिन मशीनरी उपलब्ध नहीं होने के कारण चूरू की जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण अस्पताल में किसी भी प्रकार की जांच लैबोरेट्री नहीं है, जिससे आम जन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस अवसर पर मंगल गोग्यान, डॉ. ओमप्रकाश घानिया, डॉ. कोमल शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुशील शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, नरसिंह, सदाम हुसैन, डॉ. संगीता वर्मा, सुनीता कुमारी, विष्णु मीणा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ पदभार ग्रहण किया

**सीकर**, । भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने जिला भाजपा कार्यालय में धार्मिक अनुष्ठान के साथ मंगलवार को जिलाध्यक्ष का पदभार ठाहण किया। सुबह 11.15 बजे जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में पंडितों ने विधि विधान के साथ हवन यज्ञ करवाया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद भाजपा

- **कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखूंगा - भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़**

भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ( माला पहने हुए ) ने पदभार संभाला।

पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने यज्ञ में पूर्णाहुति की। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड को पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जिलाध्यक्ष का पदभार ठाहण करवाया।

पदभार ठाहण करने के बाद जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ संगठन विस्तार संकल्प कार्यक्रम को संबोधित किया। संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कार्यकर्ताओं के बीच में से ही जिलाध्यक्ष के पद तक पहुंचे है। उन्होंने कहा कि यह जिला अपने आप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री व उप राष्ट्रपति के पद तक पहुंचे भैंरोसिंह शेखावत भी सीकर जिले से ही थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान भाजपा के प्रथम प्रदेशाध्यक्ष स्व. जगदीश प्रसाद माथुर भी सीकर से ही थे। कहा कि वे संगठन के विस्तार को लेकर जिले के शीर्ष नेताओं सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क में रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश व जिले के शीर्ष नेतृत्व ने उनको जो जिम्मेदारी दी है वे उसको निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। कहा कि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में वे कभी कोई कमी नहीं आने देंगे। कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में भाजपा संगठन ओर अधिक मजबूत होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी ने कहा कि संगठन में महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं के बीच में से ही मिलती है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड इस जिम्मेदारी को भली भांति समझते हैं। इनको युवा मोर्चा सहित जिला संगठन में रहने से संगठन को चलाने का अनुभव रहा है। पूर्व विधायक केडी बाबर ने जिलाध्यक्ष मनोज बाटड को पदभार ठाहण करने पर बधाई दी।

विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे श्रवण चौधरी ने कहा कि भाजपा में कब किसको क्या जिम्मेदारी मिल जाए यह पहले पता नहीं होता है। कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं के काम की परख की जाती है और उसी के अनुसार उस व्यक्ति को जिम्मेदारी मिलती है। कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता के काम को परखने की क्षमता है। कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज के कार्यों को प्रदेश नेतृत्व ने परखा और उनको जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी। इनके नेतृत्व में आने वाले सभी चुनावों में भाजपा की विजय होगी।

कार्यक्रम को धोद पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि मूलचंद रणवां सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा ने किया। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान रमेश जलधारी, मूलचंद रणवां, भंवरलाल वर्मा, गोविंद बिजारणियां, राजेश रोलन, अशोक चौधरी, नेमीचंद कुमावत, राजकुमार महला, विष्णु काबरा, निश्चय जीनगर, स्वदेश शर्मा, नीलम मिश्रा, फूलचंद कुमावत, प्रियंका बाजिया, भंवरी खोखर, कविता चौधरी, सीमा अठावाल, जितेंद्र सिंह कारंगा, पवन जोशी, वरूण कुशलेम, सुरेश सैनी, दौलतराम गोयल, डॉ. बीएल रणवां, नेकीराम आर्य आदि मौजूद रहे।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 98/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री गणपत लाल वैद पुत्र स्व. श्री कालू राम वैद, निवासी 30 पटेल नगर कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर राजस्थान-302012 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री माखद माता मंदिर प्रबंधन प्रन्यास भीतरली गांवडी, तहसील नीमकाथा, जिला सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही हैं मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 09.04.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर



प्रारूप- 10- (नियम 6(7) देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक :- 7164 दिनांक :- 03.02.2025

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :

| खातेदार का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| श्री गुलाब सिंह पुत्र भूराराम राकेश कुमार पुत्र भंवरलाल मांगेराम पुत्र धर्माराम मेवा सिंह पुत्र लालचन्द | चूरू तहसील तारानगर | तारानगर | 819/270 | 20485.00 वर्ग मीटर |
| श्री मांगेराम पुत्र धर्माराम, राकेश कुमार पुत्र भंवरलाल | चूरू तहसील तारानगर | तारानगर | 1924/855 | 2529.00 वर्ग मीटर |
| श्री राकेश कुमार पुत्र भंवरलाल, मांगेराम पुत्र धर्माराम, मेवा सिंह पुत्र लालचन्द | चूरू तहसील तारानगर | तारानगर | 1921/271 | 12771.00 वर्ग मीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अवपे आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03.02.2025 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तारानगर